फारम सं0-563

क्रम संख्या	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित
	2	3

अभिलेख उपस्थापित।

इंदु देवी, पति संजय ठाकुर, ग्राम-धरमु, थाना-ईचाक, जिला-हजारीबाग द्वारा छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के अन्तर्गत अंचल-ईचाक, मौजा-धरमु, थाना नं0-42, खाता संख्या-12, प्लॉट संख्या-262, रकवा 05 डी0 भूमि गायत्री देवी, पति स्व0 बिरजु ठाकुर, पिता स्व0 किशुन ठाकुर, ग्राम-धरमु, थाना-ईचाक, जिला-हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री करने हेतु आवेदिका एवं प्रस्तावित क्रेता का जाति, आवासीय प्रमाण-पत्र एवं केवाला की छायाप्रति एवं अन्य कागजात संलग्न करते हुए आवेदन समर्पित किया गया है। प्राप्त आवेदन के आलोक में परमिशन वाद संख्या-674/2022 प्रारम्भ कर कार्यालय पत्रांक-3475/रा0 दिनांक-15.09.2022 द्वारा अंचल अधिकारी, ईचाक को आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं जाँच प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

अंचल अधिकारी, ईचाक हजारीबाग के पत्रांक 728 दिनांक 24.12.2022 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन, आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं चेक स्लीप उपलब्ध कराया गया है। आम इस्तेहार में किसी भी व्यक्ति द्वारा आपत्ति दर्ज नहीं किया गया है। अंचल अधिकारी, ईचाक हजारीबाग द्वारा जाँच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया है कि -

क्रेता एवं विक्रेता पिछड़ी जाति के अन्तर्गत है एवं हजारीबाग जिला के निवासी हैं। आवेदित भूमि विक्रेता को केवाला से हासिल है। खतियान के अनुसार प्रश्नगत् भूमि रैयती खाते की भूमि है। केवाला के अनुसार धारित कुल रकवा 0.20 एकड़ भूमि है। पंजी-।। अनुसार जमाबंदी रैयत द्वारा धारित रकवा 0.20 एकड़ है। पंजी-।। के पृष्ठ संख्या-140/III पर इन्दु देवी के नाम से जमाबंदी दर्ज है। वर्ष 2020-21 तक लगान रसीद निर्गत् है। बिक्री की अनुमति मिलने के पश्चात् अवशेष रकवा 0.15 डी0 भूमि बचेगी। आवेदिका को भूमि बिक्री करने का अधिकार है। प्रस्तावित भूमि भूदान/भू-अधिग्रहण क्षेत्र/प्रतिबंधित सूची/वन भूमि/सरकारी भूमि के अन्तर्गत नहीं है। साथ ही BLR Act Section 4h से मुक्त है। प्रश्नगत् भूमि आवेदक के दखल कब्जा में है।

प्रश्नगत् भूमि का ट्रेस नक्शा प्राप्त है, जिसमें आवेदित भूमि को लाल रंग से दर्शाया गया है एवं नक्शा में प्रस्तावित भूमि का चौहद्दी भी अंकित किया गया है।

अंचल अधिकारी, ईचाक हजारीबाग द्वारा विक्रेता को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के तहत् प्रश्नगत् भूमि की बिक्री करने की अनुमति हेतु अनुशंसा की गयी है।

अनुसूची-14 फारम सं0-563

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर कार्रवाई के टिप्पणी तारीख
1	2	3
	उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में अंचल अधिकारी, ईचाक हजारीबाग के अनुशंसा के आलोक में इंदु देवी, पति संजय ठाकुर, ग्राम-धरमु, थाना-ईचाक, जिला-हजारीबाग द्वारा छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के अन्तर्गत अंचल-ईचाक, मौजा-धरमु, थाना नं0-42, खाता संख्या-12, प्लॉट संख्या-262, रकवा 05 डी0 भूमि गायत्री देवी, पति स्व0 बिरजु ठाकुर, पिता स्व0 किशुन ठाकुर, ग्राम-धरमु, थाना-ईचाक, जिला-हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति प्रदान की जाती है। साथ ही अभिलेख की कार्रवाई समाप्त की जाती है। लेखापित एवं संशोधित 12/01/23 अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग। 12/01/23 अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।	

Digitally signed by RAKESH RAUSHAN
Date: 2023.01.12 14:05:20 +05:30
Location: 192.168.0.103